आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.12.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :—

- पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल, केन्द्र सरकार ने घोषित किया 7 दिन का राष्ट्रीय शोक।
- प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में ओले, आंधी और बारिश का जारी किया अलर्ट।
- बडोदरा में खेली गई महिला आईसीसी चैंपियनशिप श्रृंखला भारत ने 3—0 से जीती।

अंत्येष्टि—मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा कल सवेरे साढे नौ बजे नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से श्मशान घाट तक जाएगी। इससे पहले कल सवेरे उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा जहां लोग उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ....

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। विदेशों में स्थित सभी भारतीय मिशनों और दूतावासों में भी अंतिम संस्कार के दिन राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे।

स्मार्ट सिटी योजना

स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से शहरों का समुचित विकास, आर्थिक सुधार और नागरिकों की जीवनशैली में सुधार के कार्य प्रमुख रूप से किये जा रहे हैं। योजना में पिछले एक वर्ष में सातों स्मार्ट सिटी शहरों में 1 हजार 253 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत के 21 कार्य पूरे किये जा चुके हैं। वर्तमान में 828 करोड़ के 43 कार्य प्रगति में है। प्रदेश के 7 शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और सतना शहर शामिल है।

योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 'द सिटी इन्वेस्टमेंटस् टू इनोवेट इंटीग्रेट एण्ड सस्टेन' के अंतर्गत राज्य के 2 स्मार्ट सिटी शहर उज्जैन और जबलपुर का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिये चयनित प्रत्येक शहर को 135 करोड़ रूपये के मान से अनुदान राशि प्राप्त होगी।

कौशल विकास

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए कौशल विकास संचालनालय और सीमेंस लिमिटेड के बीच इन्डो—जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम के दूसरे चरण के तहत द्विपक्षीय समझौता संपन्न हुआ। इस प्रोग्राम के तहत प्रदेश के चार प्रमुख इंडस्ट्री क्लस्टर के अंतर्गत 40 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है। इन संस्थानों में 10 प्रमुख ट्रेड्स, जैसे इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, टर्नर, और वेल्डर के छात्रों को उद्योग आधारित "इन—प्लांट ट्रेनिंग" दी जाएगी। इसमें विशेषज्ञ न केवल इन ट्रेड्स के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे, बल्कि आईटीआई के प्राचार्यों, प्रशिक्षण अधिकारियों और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर्स की क्षमता निर्माण पर भी काम करेंगे। यह प्रोग्राम उद्योगों की जरूरतों और छात्रों के कौशल के बीच पुल का काम करेगा, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

विद्युत वितरण केन्द्र

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार और निर्माण कार्यों को गति देने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए 9 नए वितरण केन्द्र बनाये हैं। इन केन्द्रों के बनने से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इन नए वितरण केन्द्रों से ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार आयेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि नव निर्मित वितरण केन्द्रों से जहाँ एक ओर उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर निर्बाध एवं भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति में आवश्यक सुधार होगा।

धान मिलिंग

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में उपार्जित धान की मिलिंग के लिये अपग्रेडेशन राशि स्वीकृत की गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में किसानों से उपार्जित धान की मिलिंग में तेजी लाने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं अंतर्गत प्रदेश में उपार्जित धान की भारत सरकार द्वारा मिलिंग के लिये निर्धारित समयावधि में मिलिंग कराये जाने के उद्देश्य से अपग्रेडेशन राशि स्वीकृत की गई है।

जनकल्याण अभियान

प्रदेश में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत भोपाल जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 26 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में अब तक जिले में 130 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें 28 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और 20 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही स्वीकृत किया गया। जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 34 हितग्राहीमूलक योजनाएं 11 लक्ष्य आधारित योजनाएं एवं 63 सेवाओं को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अरुण शर्मा ने आज बताया कि जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की शत.प्रतिशत सेच्युरेशन चिन्हित हितग्राही योजनाओं में तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं में हितलाभ प्रदान करना है।

क्रिकेट

भारत और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीमों के बीच वडोदरा में खेले गये आईसीसी चैंपियनशिप श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारत ने वेस्टइंडीज़ को 5 विकेट से हरा दिया हैं।

भारत ने तीनों मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए हैं। भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर अभी 310 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 140 रन की शानदार पारी खेली। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4 और रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। दोनों टीमें, पांच मैचों की श्रंखला में एक–एक से बराबरी पर है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विछोभ और चक्रवाती परिसंचरण सिस्टम की वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान ओले, बारिश और आंधी का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, पांढुर्णा और बड़वानी में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। अन्य जिलों में कहीं बारिश तो कहीं गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बताया कि 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो

जाएगा। फिर तापमान में गिरावट होगी और कोहरा भी छाएगा। नए साल पर लोगों को कड़ाके की ठंड के दौर से गुजरना पड़ सकता है। इसके बाद पूरे एक महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्येयनिष्ठ पत्रकारिता के पुरोधा माणिकचंद्र वाजपेयी की पुण्य–तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत आज केंद्रीय संचार ब्यूरो इंदौर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र कस्तूरबा ग्राम आरोग्यंम अस्पताल, पहाड़ी क्षेत्र में पौधारोपण किया गया।
- खंडवा में भारत सरकार द्वारा युवा विद्यार्थियों में जागरूकता के लिये विकसित भारत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की ।
- मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल शहडोल जिले के कोनी में 36 करोड़ की लागत से लगभग 10 एकड़ में नई कॉलोनी बनाएगा।
- अशोकनगर के शासकीय नेहरू महाविद्यालय में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 142 हितग्राहियों को 8 करोड़ से अधिक का हितलाभ वितरण किया गया।
- नर्मदापुरम के पचमढ़ी में आयोजित हो रहे 7 दिवसीय पचमढ़ी महोत्सव और उज्जैन के 3 दिवसीय संस्कृत नाट्य समारोह को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण राष्ट्रीय शोक होने से स्थगित कर दिया गया है।
- पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल, केन्द्र सरकार ने घोषित किया 7 दिन का राष्ट्रीय शोक।
- प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में ओले, आंधी और बारिश का जारी किया अलर्ट।
- बडोदरा में खेली गई महिला आईसीसी चैंपियनशिप श्रृंखला भारत ने 3–0 से जीती।

....................

अंत्येष्टि–मनमोहन सिंह
स्मार्ट सिटी योजना
कौशल विकास
विद्युत वितरण केन्द्र
जनकल्याण अभियान
धान मिलिंग
मौसम
क्रिकेट
समाचार संक्षेप